# उत्तर पश्चिम रेलवे

## रेल भर्ती कक्ष,

भवन नं. 04, द्वितीय तल, केन्द्रीय रेलवे अस्पताल के सामने,
जयपुर जंक्शन द्वितीय प्रवेश द्वार के पास,
जयपुर
वेबसाइट www.rrcjaipur.in

सं. 740ई/आरआरसी/लेवल–1/सीईन 08/2024/पीईटी दिनांक 08.07.2026

## महत्वपूर्ण सूचना

**शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 08/2024 (लेवल–1 के विभिन्न पदों पर भर्ती)**

केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 08/2024 के तहत लेवल–1 के पदों पर भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के लिए प्रोविजनली शॉर्टलिस्टेड किए गए 2373 उम्मीदवारों का परिणाम रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा दिनांक 01.07.2026 को जारी कर दिया गया है। परिणाम रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर/रेलवे भर्ती बोर्ड, अजमेर की वेबसाईट पर प्रकाशित कर दिया गया है।

प्रोविजनली शॉर्टलिस्टेड किये गए उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) का आयोजन दिनांक **29.07.2026 से 01.08.2026 तक स्थान G.L.O. Ground, A.D.S.A. Stadium, Near DRM Office, Mall Road, Ajmer, Pin 305001 पर किया जाना प्रस्तावित है।** प्रोविजनल शॉर्टलिस्टेड अभ्यार्थियों के पंजीकृत मोबाईल नम्बर एवं ई मेल पते पर SMS/सन्देश से सूचना भेजी जाएगी, ताकि वे शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अपना ई कॉल लेटर डाउनलोड कर सकें।

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी व इस भर्ती से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर की आधिकारिक वेबसाईट rrcjaipur.in का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के मापदण्ड निम्नानुसार है:–

| पुरूष उम्मीदवार | महिला उम्मीदवार |
|---|---|
| 35 किलोग्राम वजन को उठाकर 02 मिनट में एक चांस में वजन को नीचे गिराए बिना 100 मीटर तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए<br>**और**<br>1000 मीटर की दूरी को 4 मिनट और 15 सेकेण्ड में एक ही चांस में दौडने में सक्षम होना चाहिए। | 20 किलोग्राम वजन को उठाकर 02 मिनट में एक चांस में वजन को नीचे गिराए बिना 100 मीटर तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए<br>**और**<br>1000 मीटर की दूरी को 5 मिनट और 40 सेकेण्ड में एक ही चांस में दौडने में सक्षम होना चाहिए। |

नोटः–शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए अधिसूचना के पैरा 14.02 अवलोकन करें (संलग्न)।

**-S/d-**
अध्यक्ष,
रेलवे भर्ती कक्ष,
उपरे, जयपुर

चेतावनी : कृपया दलालों एवं नौकरी रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें, जो झूठे वादों के माध्यम से रेलवे में नौकरी दिलाने का दावा करते हैं, चाहे वह किसी प्रकार के प्रभाव अथवा अनुचित एवं अनैतिक साधनों द्वारा हो। रेलवे भर्ती कक्ष (RRC) द्वारा अपने पक्ष से कार्य करने हेतु किसी भी एजेंट अथवा कोचिंग संस्थान की नियुक्ति नहीं की गई है। अभ्यर्थियों को ऐसे किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा किए गए दावों से सतर्क रहने की चेतावनी दी जाती है। अभ्यर्थियों का चयन पूर्णतः योग्यता (मेरिट) के आधार पर ही किया जाता है। अतः अभ्यर्थी ऐसे असामाजिक तत्वों से सावधान रहें तथा उनके बहकावे में न आएँ। जो अभ्यर्थी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रेलवे भर्ती कक्ष को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी की जा सकती है।

The Questions will be of objective type with multiple choices and are likely to include questions pertaining to:

a. **Mathematics** Number system, BODMAS, Decimals, Fractions, LCM, HCF, Ratio and Proportion, Percentages, Mensuration, Time and Work, Time and Distance, Simple and Compound Interest, Profit and Loss, Algebra, Geometry and Trigonometry, Elementary Statistics, Square root, Age Calculations, Calendar & Clock, Pipes & Cistern etc.

b. **General Intelligence and reasoning**
Analogies, Alphabetical and Number Series, Coding and Decoding, Mathematical operations, Relationships, Syllogism, Jumbling, Venn Diagram, Data Interpretation and Sufficiency, Conclusions and Decision making, Similarities and Differences, Analytical Reasoning, Classification, Directions, Statement – Arguments and Assumptions etc.

**c. General Science**
The syllabus under this shall cover Physics, Chemistry and Life Sciences of 10$^{th}$ standard level (CBSE).

**d. General Awareness on current affairs** in Science & Technology, Sports, Culture, Personalities, Economics, Politics and any other subject of importance.

**It may be noted that the topics listed above are illustrative and not necessarily exhaustive.**

## 14.2 PHYSICAL EFFICIENCY TESTS (PET)

Based on the merit of the candidates in the CBT, candidates shall be called for PET **three times** the community wise total vacancy of the Posts notified against RRBs/RRCs. However, Railways reserve the right to increase/decrease this ratio as required to ensure availability of adequate/reasonable number of candidates for all the notified posts. Passing Physical Efficiency Test (PET) is mandatory and the same will be qualifying in nature. The criteria for PET are as under:

| Male candidates | Female candidates |
|---|---|
| Should be able to lift and carry 35 Kg of weight for a distance of 100 meters in 2 minutes in one chance without putting the weight down; **and**<br><br>Should be able to run for a distance of 1000 meters in 4 minutes and 15 seconds in one chance. | Should be able to lift and carry 20 Kg of weight for a distance of 100 meters in 2 minutes in one chance without putting the weight down; **and**<br><br>Should be able to run for a distance of 1000 meters in 5 minutes and 40 seconds in one chance. |

**Note**:

1) The Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) as specified in Para 11.0 are exempted from appearing for PET. However, after qualifying in the CBT, such candidates will have to pass the medical examination prescribed for PwBD.
2) It is the candidates' responsibility to ensure that they are medically fit enough to attempt the PET. Railways will not be responsible for any injury/harm suffered by candidates as a result of participating in the PET.
3) The Physical Efficiency Test (PET) consists of two stages. To ensure uniformity, candidates will be tested for Carrying of Weight to specified distance in specified time first and if successful in this test, for the Running Test after a recovery gap. Failing in the first Test, i.e. Weight carrying will mean elimination at that stage itself. The Weight carrying test will involve lifting a sand bag (without any handle) from a bench/platform at around waist height and carrying it in whichever manner candidate wants to carry above the ground till the destination point without dropping the sandbag on ground.
4) The Course Completed Act Apprentices will be exempted from Physical Efficiency Test.

5) **Ex-Servicemen**: Ex-Servicemen will be exempted from Physical Efficiency Test. However, all Ex-Servicemen will be required to pass the written test, physical standards, if any and medical standards of the post as prescribed for direct recruits.

6) **Pregnant Female Candidates**: On reporting of female candidates for PET (Physical Efficiency Test), a self-declaration indicating about her pregnancy status shall be submitted by her. In case she declares that she is not pregnant then she may be allowed to participate in the PET. In case of false declaration, all the risk of undergoing PET will be of her own. If the female candidate declares before PET that she is pregnant, then a confirmatory pregnancy test shall be done and in case she is found to be pregnant, irrespective of duration of pregnancy, she shall be declared temporarily unfit and her empanelment shall be held in abeyance until the confinement is over. The vacancy against which the woman candidate was selected would be kept reserved for her. She would be re-examined for PET six weeks after the date of confinement, subject to production of medical certificate of fitness from a registered medical practitioner. If she is found fit in PET & Medical Examination, she may be appointed to the post kept reserved for her and allowed the benefit of seniority in accordance with the rules/instructions of the Railway Board as amended from time to time. In case a female candidate after confirmatory pregnancy test is not found pregnant, she will be allowed to participate in PET.

7) **Transgender Candidates**: Relaxed PET (Physical Efficiency Test) standards equivalent to the PET standards for Female candidates will be applicable for Transgender candidates.

**14.3 Document Verification and Empanelling of Candidates**

Based on the performance of candidates in CBT subject to their qualifying in PET, the number of candidates to be called for Document Verification (DV) will be equal to the number of notified vacancies (i.e. in the ratio of 1:1).

In case of shortfall in empanelment of candidates or other exigencies, RRB/RRC reserves the right to utilize the candidates down the merit list if required, as per the merit and option of the candidates. This however will not confer any vested right on such candidates to be considered for appointment.

In case of two or more candidates securing same normalized percentile score, their merit position shall be determined by age criteria i.e. older person shall be placed at higher merit and in case age being same, then alphabetical order (A to Z) of the name shall be taken into account to break the tie.

Appointment of selected candidates is subject to their passing requisite Medical Fitness Test to be conducted by the Railway Administration, final verification of educational and community certificates and verification of antecedents/character of the candidates.

Candidates may please note that RRBs/RRCs only recommend names of the empaneled candidates and appointment is offered ONLY by the respective Railway Administrations.

Additionally, candidates are cautioned that fraudulent claims regarding SC/ST/OBC(NCL)/EWS/PwBD/ExSM status or improper availing of benefits will lead to disqualification and debarment from the examinations/recruitments conducted by the RRBs/RRCs.

**15.0 NORMALISATION OF MARKS:**

Short listing of Candidates for various stages shall be based on the normalized marks obtained by them whenever CBT is conducted in multiple sessions for the same syllabus.

**16.0 HOW TO APPLY**

(a) Candidates must read all the information and instructions carefully before filling the ONLINE application to prevent mistakes. Candidates can apply for the notified posts of any one Railway only

सभी पात्र उम्मीदवारों को आरआरबी/आरआरसी की वेबसाइट से डाउनलोड किए हुए ई-कॉल लेटर के अनुसार निर्दिष्ट तिथि, समय और स्थान पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा में भाग लेना होगा। ई-कॉल लेटर डाउनलोड की सूचना वेबसाइट के साथ-साथ उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से भी दी जाएगी।

सीबीटी के लिए परीक्षा की अवधि और प्रश्नों की संख्या नीचे दी गई है :

| **परीक्षा अवधि मिनट में** | **प्रश्नों की संख्या (प्रत्येक 1 अंक)** | | | | **प्रश्नों की कुल संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| | सामान्य विज्ञान | गणित | सामान्य बुद्धिमता एवं तर्कशक्ति | सामान्य जानकारी और समसामयिक विषय | |
| 90* | 25 | 25 | 30 | 20 | 100 |

* स्क्राइब के साथ आए हुए पात्र दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए परीक्षा की अवधि 120 मिनट की होगी।

उपरोक्त तालिका में दिए गए खंडवार वितरण केवल सांकेतिक है तथा वास्तविक प्रश्न पत्र में कुछ अंतर हो सकता है।**इसमें नकारात्मक अंकन होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट लिए जाएंगे।**
विभिन्न श्रेणियों में शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंको का न्यूनतम प्रतिशत : यूआर – 40%, ईडब्ल्यूएस - 40%, ओबीसी-एनसीएल - 30%, एसी - 30%, एसटी - 30%, पीडब्ल्यूवीडी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों के विरुद्ध पीडब्ल्यूवीडी उम्मीदवार के अभाव में उनकी पात्रता हेतु 2 अंकों की छूट दी जाएगी।
जहाँ दूसरे चरण की सीबीटी आयोजित करना आवश्यक समझा जाता हो, वहाँ रेल प्रशासन को यह अधिकार है कि वह पहले चरण की सीबीटी को दूसरे चरण के लिए उपयुक्त संख्या में उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के उद्देश्य से अर्हक परीक्षा मान ले।

**प्रश्न का प्रकार एवं पाठयक्रम :**

वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे तथा इनमें निम्नलिखित विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए जा सकते हैं :

a. **गणित :** संख्या पद्धति, बॉडमास, दशमलव, भिन्न, एलसीएम, एचसीएफ, अनुपात एवं समानुपात, प्रतिशतता, क्षेत्रमिति, समय और कार्य, समय और दूरी, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ एवं हानि, बीजगणित, ज्यामिति एवं त्रिकोणमिति, प्रारंभिक सांख्यिकी, वर्गमूल, आयु-गणना, कैलेंडर एवं क्लॉक, नल एवं टंकी इत्यादि।
b. **सामान्य बुद्धिमता और तर्कशक्ति :**
अनुरूपता, वर्णानुक्रम एवं संख्या श्रृंखला, कोडिंग और डिकोडिंग, गणितीय संक्रियाएं, संबंध, प्रतीको द्वारा प्रस्तुति, जम्बलिंग, वेन आरेख, आंकड़ा निर्वचन और पर्याप्तता, निष्कर्ष एवं निर्णयन, समानताएं और अंतर, विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति, वर्गीकरण, दिशाएं, कथन – तर्क एवं धारणाएं आदि।
c. **सामान्य विज्ञान :**
इसके अंतर्गत पाठयक्रम में दसवीं स्तर (सीबीएसई) के भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के प्रश्न शामिल होंगे।
d. **समसामयिक विषयों पर सामान्य जानकारी :**इसके अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेलकूद,संस्कृति, व्यक्ति विशेष, अर्थशास्त्र, राजनीति एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित प्रश्न होंगे।

**यह उल्लेखनीय है कि उपर्युक्त सूचीबद्ध विषय व्याख्यात्मक हैं और जरुरी नहीं कि यह विस्तृत हों।**

**14.2 शारीरिक दक्षता परीक्षा**

सीबीटी में उम्मीदवारों की मेरिट के आधार पर पीईटी के लिए आरआरबी/आरआरसी के अधिसूचित पदों की कुल रिक्तियों के **तीन गुणा** उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा। फिर भी रेलवे को सभी अधिसूचित पदों के लिए पर्याप्त/उचित संख्या में उम्मीदवारों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार इस अनुपात को बढ़ाने/घटाने का अधिकार है। शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है और यह अर्हक प्रकृति की होगी। पीईटी के लिए मानदंड निम्न प्रकार हैं :

| **पुरुष अभ्यर्थी** | **महिला अभ्यर्थी** |
|---|---|

| | |
|---|---|
| 35 किलोग्राम वजन को उठाकर 2 मिनट में एक चांस में वजन को नीचे गिराए बिना 100 मीटर तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए **और**<br><br>1000 मीटर की दूरी को 4 मिनट और 15 सेकेंड में एक ही चांस में दौड़ने में सक्षम होना चाहिए। | 20 किलोग्राम वजन को उठाकर 2 मिनट में एक चांस में वजन को नीचे गिराए बिना 100 मीटर तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए **और**<br><br>1000 मीटर की दूरी को 5 मिनट और 40 सेकेंड में एक ही चांस में दौड़ने में सक्षम होना चाहिए। |

***नोट*:**

1. पैरा 11.0 में यथानिर्दिष्ट बेंचमार्क दिव्यांगगता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) को पीईटी में सम्मिलित होने से छूट दी गई है। फिर भी, सीबीटी में अर्हता प्राप्त करने के पश्चात, ऐसे उम्मीदवारों पीडब्ल्यूबीडी के लिए निर्धारित चिकित्सा जाँच उत्तीर्ण होना होगा।
2. यह सुनिश्चित करना उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे पीईटी में भाग लेने के लिए चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त हैं। पीईटी में भाग लेने के परिणामस्वरूप उम्मीदवारों को होने वाली किसी भी चोट/नुकसान पहुँचने पर रेलवे उत्तरदायी नहीं होगा।
3. शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) दो चरणों में होती है। एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए उम्मीदवारों को पहले यथानिर्दिष्ट समय में निर्दिष्ट दूरी तक वजन उठाने के लिए परीक्षा कराई जाएगी और यदि वे इस परीक्षा में सफल होते हैं, तो रिकवरी गैप के बाद उनकी दूसरी परीक्षा कराई जाएगी। पहली परीक्षा में असफल होने पर अर्थात वजन न उठाने का मतलब है कि उस चरण में ही बाहर हो जाना। वजन उठाने की परीक्षा में एकबेंच/प्लेटफार्म से कमर की ऊंचाई पर एक रेत की थैली को (बिना किसी हैंडल के) उठाना होगा तथा उम्मीदवार को रेत की थैली को बिना जमीन पर रखे उसे गंतव्य बिंदु तक ले जाना होगा।
4. पाठयक्रम पूर्ण कर चुके एक्ट अप्रेंटिसों (सीसीएए) को शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी।
5. **भूतपूर्व सैनिक**: भूतपूर्व सैनिकों को शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी जाएगी। लेकिन सभी पूर्व सैनिकों को लिखित परीक्षा तथा सीधी भर्ती पद के लिए निर्धारित शारीरिक मापदंड तथा चिकित्सा जाँच में उत्तीर्ण होना होगा।
6. **गर्भवती महिला उम्मीदवार**: पीईटी (शारीरिक दक्षता परीक्षा) के लिए महिला उम्मीदवारों को रिपोर्ट करते समय अपनी गर्भावस्था की स्थिति के बारे में एक स्व-घोषणा प्रस्तुत करनी होगी। यदि वह घोषित करती है कि वह गर्भवती नहीं है, तो उन्हें पीईटी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। झूठी घोषणा के मामले में, पीईटी में भाग लेने का सारा जोखिम उनका स्वयं का होगा। यदि पीईटी से पहले महिला उम्मीदवार घोषित करती है कि वह गर्भवती है, तो उसके गर्भावस्था की पुष्टिकरण की जाँच की जाएगी और यदि वह गर्भवती पाई जाती है, तो गर्भावस्था की अवधि पर ध्यान दिए बिना उसे अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और प्रसव समाप्त होने तक उसका पैनल स्थगित रखा जाएगा। जिस रिक्ति के लिए उस महिला अभ्यर्थी का चयन किया गया था, उसे उसके लिए आरक्षित रखा जाएगा। पंजीकृत चिकित्सक से फिटनेस का चिकित्सा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत, प्रसव की तारीख के छह सप्ताह बाद पीईटी के लिए उसकी फिर से जांच की जाएगी। यदि वह पीईटी और चिकित्सा जांच में फिट पाई जाती है, तो उसे उसके लिए आरक्षित पद पर नियुक्त किया जा सकता है और रेलवे बोर्ड के समय-समय पर संशोधित नियमों/निर्देशों के अनुसार वरिष्ठता का लाभ दिया जाएगा। यदि गर्भावस्था पुष्टिकरण जाँच के बाद कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती नहीं पाई जाती है, तो उसे पीईटी में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
7. **ट्रांसजेंडर उम्मीदवार**: महिला उम्मीदवारों के लिए निर्धारित पीईटी (शारीरिक दक्षता परीक्षा) मानकों के समतुल्य शारीरिक दक्षता परीक्षा मानक ट्रांसजेंडर उम्मीदवारों के लिए भी लागू होंगे।

**14.3 दस्तावेज सत्यापन और उम्मीदवारों की नामिका तैयार करना :**

सीबीटी में उम्मीदवारों के प्रदर्शन एवं पीईटी में अर्हता प्राप्त करने पर उनकी मेरिट के आधार पर, दस्तावेज सत्यापन (डीवी) के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के बराबर (अर्थात 1:1 के अनुपात में) होगी।

उम्मीदवारों की सूची में शार्टफॉल अथवा अन्य अनिवार्यताओं की स्थिति में, आरआरबी/आरआरसी को उम्मीदवारों की योग्यता और विकल्पों के अनुसार, यदि आवश्यक हो तो मेरिट सूची में नीचे के उम्मीदवारों का उपयोग करने का अधिकार है। लेकिन इससे ऐसे उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के लिए कोई अधिकार नहीं होगा।